भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. – 130

उत्तर देने की तारीख 20/07/2026

नए उच्च शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना

†130. **श्री दीपक अधिकारी (देव):**

डॉ. एम.के. विष्णु प्रसाद:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किए गए नए शैक्षणिक संस्थानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या चालू वर्ष के दौरान सरकार के पास विशेषकर तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और समुद्र विज्ञान संस्थान जैसे केंद्र सरकार के नए शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है या कोई बजट आवंटित किया गया है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि हाँ, तो परियोजना-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार के पास लंबित प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): वर्ष 2014 से पहले देश में 16 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) काम कर रहे थे। वर्ष 2014 के बाद, बजट घोषणा 2014-15 और 2015-16 के अनुसरण में, छह नए आईआईटी आंध्र प्रदेश (आईआईटी तिरुपति), केरल (आईआईटी पलक्कड़), छत्तीसगढ़ (आईआईटी भिलाई), जम्मू और कश्मीर (आईआईटी जम्मू), गोवा (आईआईटी गोवा) और कर्नाटक (आईआईटी धारवाड़) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा,

बजट घोषणा वर्ष 2015-16 के अनुसरण में, झारखंड में भारतीय खनन विद्यापीठ, धनबाद को वर्ष 2016 में आईआईटी का दर्जा दिया गया था। वर्तमान में देश में 23 आईआईटी काम कर रहे हैं।

वर्ष 2014 से पहले देश में 13 भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काम कर रहे थे और वर्तमान में 22 आईआईएम हैं। वर्ष 2014 के बाद, पंजाब (आईआईएम अमृतसर), बिहार (आईआईएम बोधगया), ओडिशा (आईआईएम संबलपुर), जम्मू और कश्मीर (आईआईएम जम्मू), हिमाचल प्रदेश (आईआईएम सिरमौर), महाराष्ट्र (आईआईएम नागपुर), आंध्र प्रदेश (आईआईएम विशाखापत्तनम) और असम (आईआईएम गुवाहाटी का उद्घाटन 14.02.2026 को किया गया है) के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आठ नए आईआईएम स्थापित किए गए हैं।

इसके अलावा, वर्ष 2023 में, राष्ट्रीय प्रशिक्षण एवं औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान (एनआईटीआईई), मुंबई को आईआईएम मुंबई में परिवर्तित कर दिया गया है।

वर्ष 2014 से पहले देश में 30 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और एक भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईईएसटी) काम कर रहे थे और वर्तमान में एक आईआईईएसटी के अलावा 31 एनआईटी हैं। एनआईटी आंध्र प्रदेश की स्थापना वर्ष 2015 में की गई थी।

वर्ष 2014 से पहले देश में 9 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) काम कर रहे थे और वर्तमान में 25 आईआईआईटी हैं। 2014 के बाद, आंध्र प्रदेश (आईआईआईटीडीएम कुरनूल), हरियाणा (आईआईआईटी सोनीपत), हिमाचल प्रदेश (आईआईआईटी ऊना), पश्चिम बंगाल (आईआईआईटी कल्याणी), कर्नाटक (आईआईआईटी धारवाड़, आईआईआईटी रायचूर), मणिपुर (आईआईआईटी सेनापति), केरल (आईआईआईटी कोट्टायम), उत्तर प्रदेश (आईआईआईटी लखनऊ), झारखंड (आईआईआईटी रांची), महाराष्ट्र (आईआईआईटी पुणे, आईआईआईटी नागपुर), मध्य प्रदेश (आईआईआईटी भोपाल), गुजरात (आईआईआईटी सूरत), बिहार (आईआईआईटी भागलपुर) और त्रिपुरा (आईआईआईटी अगरतला) राज्यों में सोलह नए आईआईआईटी स्थापित किए गए हैं।

वर्ष 2014 से पहले देश में 5 भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) और एक भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) काम कर रहे थे और वर्तमान में एक आईआईएससी के अलावा सात आईआईएसईआर हैं। आंध्र प्रदेश (आईआईएसईआर तिरुपति) और ओड़िशा (आईआईएसईआर बेरहामपुर) राज्य में दो नए आईआईएसईआर स्थापित किए गए हैं।

वर्ष 2014 से पहले देश में 40 केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) काम कर रहे थे और वर्तमान में 48 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। आठ केंद्रीय विश्वविद्यालय बिहार (महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी, बिहार), आंध्र प्रदेश (आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश), तेलंगाना (सम्माक्का सरक्का जनजातीय विश्वविद्यालय तेलंगाना), दिल्ली (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली), लद्दाख (सिंधु केंद्रीय विश्वविद्यालय लद्दाख) राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित किए गए हैं।

वर्ष 2014 से पहले देश में 7 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) काम कर रहे थे और 2014 के बाद 16 एम्स की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 12 स्थापित किए जा चुके हैं और 4 स्थापना के अधीन हैं। महाराष्ट्र (एम्स नागपुर), आंध्र प्रदेश (एम्स मंगलागिरी), पश्चिम बंगाल (एम्स कल्याणी), उत्तर प्रदेश (एम्स गोरखपुर और एम्स रायबरेली), पंजाब (एम्स बठिंडा), असम (एम्स गुवाहाटी), हिमाचल प्रदेश (एम्स बिलासपुर), झारखंड (एम्स देवघर), तेलंगाना (एम्स बीबीनगर), जम्मू (एम्स विजयपुर), गुजरात (एम्स राजकोट) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 12 नए एम्स स्थापित किए गए हैं।

उच्च शिक्षा संस्थाओं की स्थापना एक सतत और अनवरत प्रक्रिया है। आवश्यकता के आधार पर, समय-समय पर शैक्षणिक संस्थान खोले जाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूर्ण पहुंच, समानता और समावेशिता सुनिश्चित करती है। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय होने के नाते, एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए कार्रवाई करने हेतु केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी है। सरकार सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

इसके अलावा, केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 में राज्यों को चुनौती मार्ग के माध्यम से सहयोग देकर प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक कॉरिडॉर के आसपास 5 विश्वविद्यालयी शहर स्थापित करने की घोषणा की गई है। इन नियोजित शैक्षणिक क्षेत्रों में कई विश्वविद्यालय, कॉलेज, अनुसंधान संस्थान, कौशल केंद्र और आवासीय परिसर होंगे। प्रस्तावित विश्वविद्यालय शहर में नवाचार और इन्क्यूबेशन सुविधाओं, उद्योग भागीदारी और टिकाऊ शहरी सुविधाओं सहित विश्वस्तरीय शैक्षणिक और अनुसंधान बुनियादी ढांचे प्रदान करने की परिकल्पना है।

*****